JAGRAN CITY PAGE I

लविवि : स्नातक प्रवेश परीक्षा में नहीं होगी निगेटिव मार्किंग

100 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे, हर प्रश्न दो अंकों का होगा, स्नातक प्रवेश परीक्षा के प्रश्न पत्र का प्रारूप जारी

जासं, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय शैक्षिक सत्र 2021-22 में स्नातक कक्षाओं में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा 15 अगस्त के बाद कराएगा। जल्द ही इसकी तिथि की घोषणा की जाएगी। प्रवेश परीक्षा में इस बार निगेटिव मार्किंग नहीं होगी। बुधवार को विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रश्न पत्र का प्रारूप जारी कर दिया।

लविवि से सम्बद्ध लखनऊ में 174 कालेज संचालित हैं। पिछले साल कानपुर विश्वविद्यालय से सम्बद्ध हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर व रायबरेली जिले को मिलाकर 350 कालेज भी लविवि से सम्बद्ध हो गए। विश्वविद्यालय की केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था से जुड़ने वाले महाविद्यालयों में दाखिले इसी प्रवेश परीक्षा से होंगे। विवि के प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि स्नातक प्रवेश परीक्षा में इस बार निगेटिव मार्किंग नहीं होगी यानि गलत जवाब पर अंक नहीं कटेंगे। प्रवेश परीक्षा में 100 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होगा। परीक्षा का समय 90 मिनट होगा।

इन विषयों से पूछे जाएंगे प्रवेश परीक्षा में प्रश्न

बीए एवं बीए आनर्स : हिंदी, अंग्रेजी, भूगोल, इतिहास, नागरिक शास्त्र, मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र विषयों के इंटरमीडिएट स्तर के प्रश्न।

बीकाम एवं बीकाम आनर्स : कामर्स, अकाउंटिंग, कमर्शियल मैथ्स, अर्थशास्त्र, कम्प्यूटर के इंटरमीडिएट स्तर के प्रश्न।

बीएससी मैथ्स : भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित के इंटरमीडिएट स्तर के प्रश्न एवं मानसिक अभियोग्यता तथा कम्प्यूटर का आधारभूत ज्ञान।

बीएससी बायोलाजी : रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जीव विज्ञान के इंटरमीडिएट स्तर के प्रश्न एवं मानसिक अभियोग्यता तथा कम्प्यूटर का आधारभूत ज्ञान।

एलएलबी इंटीग्रेटेड फाइव इयर : इतिहास, भूगोल, सामान्य विज्ञान, नागरिक शास्त्र इंटरमीडिएट स्तर स्तर के एवं तार्किक परीक्षण, मानसिक अभियोग्यता, सामान्य विधिक जागरूकता से संबधित प्रश्न

बीबीए : सामान्य ज्ञान, सामान्य अंग्रेजी, न्यूमेरिकल एप्टीट्यूड, लाजिकल रीजनिंग

बीसीए : सामान्य ज्ञान, सामान्य अंग्रेजी, न्यूमेरिकल एप्टीट्यूड, मैथमैटिक्स एंड कम्प्यूटर साइंस, लाजिकल रीजनिंग।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी किया स्नातक प्रवेश परीक्षा का पेपर पैटर्न और पाठ्यक्रम, अगस्त के अंतिम सप्ताह में ऑफलाइन हो सकती है परीक्षा

90 मिनट में देने होंगे 100 सवालों के जवाब, निगेटिव मार्किंग नहीं

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने बुधवार को स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित होने वाली स्नातक प्रवेश परीक्षा का पेपर पैटर्न और पाठ्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षा अगस्त के अंतिम सप्ताह में प्रस्तावित है। पेपर पैटर्न के अनुसार हर विषय के लिए 90 मिनट की ऑफलाइन परीक्षा होगी और उसमें 100 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न दो अंक का होगा। यूपी बोर्ड और सीबीएसई के इंटर परीक्षा परिणाम जारी न होने की वजह से प्रवेश परीक्षा की तिथि तय नहीं की गई, लेकिन संभवतया अगस्त के अंतिम सप्ताह में परीक्षा कराई जा सकती है। लविवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पीएचडी प्रवेश परीक्षा की भांति इस प्रवेश परीक्षा में भी कोई निगेटिव मार्किंग नहीं होगी। लविवि ने स्नातक प्रवेश परीक्षा से संबंधित पाठ्यक्रम भी जारी कर दिया है।

स्नातक प्रवेश परीक्षा में इन विषयों से पूछे जाएंगे प्रश्न

- बीए व बीए ऑनर्स के लिए हिंदी, अंग्रेजी, भूगोल, इतिहास, नागरिक शास्त्र, मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र विषयों से इंटरमीडिएट स्तर के प्रश्न पूछे जाएंगे।
- बीकॉम व बीकॉम ऑनर्स के लिए कॉमर्स, अकाउंटिंग, कॉमर्शियल मैथ्स, अर्थशास्त्र, कम्प्यूटर विषयों के इंटरमीडिएट स्तर के प्रश्न पूछे जाएंगे।
- बीएससी मैथ्स के लिए भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित विषय के इंटरमीडिएट स्तर के प्रश्न पूछे जाएंगे। साथ ही मानसिक अभियोग्यता व कंप्यूटर के आधारभूत ज्ञान से संबंधित प्रश्न भी पूछे जाएंगे।
- बीएससी बायोलॉजी के लिए रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जीव विज्ञान के इंटरमीडिएट स्तर के प्रश्न और मानसिक अभियोग्यता व कंप्यूटर के आधारभूत ज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे।
- एलएलबी इंटीग्रेटेड पांच वर्षीय पाठ्यक्रम के लिए इतिहास, भूगोल, सामान्य विज्ञान, नागरिक शास्त्र विषय से इंटरमीडिएट स्तर के प्रश्न और तार्किक परीक्षण, मानसिक अभियोग्यता, सामान्य विधिक जागरूकता से भी प्रश्न पूछे जाएंगे।
- इसके अलावा प्रोफेशनल पाठ्यक्रम के लिए स्नातक प्रोफेशनल प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके तहत बीबीए के लिए जीके, जनरल इंग्लिश, न्यूमेरिकल एप्टीट्यूड, लॉजिकल रीजनिंग और बीसीए के लिए जीके, जनरल इंग्लिश, न्यूमेरिकल एप्टीट्यूड, मैथ्स कंप्यूटर साइंस और लॉजिकल रीजनिंग से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे।

लविवि पीएचडी प्रवेश परीक्षा 20 और 21 अगस्त को

माई सिटी रिपोर्टर

ऑफलाइन होंगी परीक्षाएं, बहुविकल्पीय होंगे सवाल

ऑनलाइन परीक्षा के लिए फाइनल नहीं हो सकी एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की सत्र 2020-21 की पीएचडी प्रवेश परीक्षा 20 और 21 अगस्त को दो पालियों में ऑफलाइन आयोजित होगी। प्रवेश परीक्षा सिर्फ लविवि के पुराने परिसर में आयोजित की जाएगी, जबकि विवि प्रशासन ने पूर्व में ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा आयोजित करने व लखनऊ के साथ बनारस व गाजियाबाद में सेंटर बनाने की बात कही थी।

विश्वविद्यालय प्रशासन कोरोना संक्रमण काल को देखते हुए इस साल ऑनलाइन पीएचडी प्रवेश परीक्षा की तैयारी में लगा हुआ था। यही वजह रही कि अन्य कोर्सों से पहले पीएचडी के आवेदन समाप्त किए गए। साथ ही ऑनलाइन परीक्षा के लिए एजेंसी ढूंढने की कवायद शुरू हुई, किंतु विवि को इसमें सफलता नहीं मिली। इसकी वजह से प्रवेश परीक्षा की तिथि तय करने में देरी भी हुई। अमर उजाला ने 26 जुलाई के अंक में 'लविवि : पीएचडी प्रवेश परीक्षा 15 अगस्त के बाद' शीर्षक से खबर भी प्रकाशित की थी, जिसमें पहले ही बताया था कि ऑनलाइन परीक्षा के लिए एजेंसी व केंद्र फाइनल न होने के कारण प्रवेश परीक्षा 15 अगस्त के बाद होगी। अब विवि प्रशासन ने भी बुधवार को प्रवेश परीक्षा की तिथि के साथ पेपर पैटर्न जारी किया। 90 मिनट की प्रवेश परीक्षा में 70 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। लविवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इसमें से 35 प्रश्न संबंधित विषय से और 35 प्रश्न रिसर्च मेथडोलॉजी से पूछे जाएंगे। हर प्रश्न दो अंक का होगा और इसमें कोई निगेटिव मार्किंग नहीं होगी। विवि में सामान्य पीएचडी में 448 सीटें हैं, जिसके लिए करीब 4302 आवेदन आए हैं। वहीं, पार्ट टाइम पीएचडी की 92 सीटों के लिए अलग से प्रवेश प्रक्रिया का आयोजन किया जाएगा।

अमर उजाला ने पहले ही बता दिया था परीक्षा 15 अगस्त के बाद होगी।

लविवि : पीएचडी प्रवेश परीक्षा 15 अगस्त के बाद

HINDUSTAN PAGE 6

विश्वविद्यालय ने प्रवेश परीक्षा का प्रारूप जारी किया, डेढ़ घंटे में छात्र-छात्राओं को हल करना होगा पेपर

स्नातक प्रवेश में निगेटिव मार्किंग नहीं

लखनऊ विवि

लखनऊ | कार्यालय संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय सत्र 2021-22 की स्नातक प्रवेश परीक्षा का प्रारूप एलयू ने बुधवार को जारी कर दिया है। स्नातक प्रवेश परीक्षा बहुविकल्पीय प्रश्नों के आधार पर होगी। निगेटिव मार्किंग नहीं की जाएगी। स्नातक के प्रत्येक पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा में 100 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित किए गए हैं। अभ्यर्थियों को प्रश्न पत्र हल करने के लिए डेढ़ घंटे का समय मिलेगा।

बीए एवं बीए आनर्स के लिये हिंदी, अंग्रेजी, भूगोल, इतिहास, नागरिक शास्त्र, मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र विषयों के इण्टरमीडिएट स्तर, बीकाम एवं बीकाम आनर्स में प्रवेश के लिए कामर्स, एकाउंटिंग,कामर्शियल मैथ्स, अर्थशास्त्र, कम्प्यूटर के इण्टरमीडिएट स्तर के प्रश्न पूछे जाएंगे।

बीएससी के लिए गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित और बीएससी बायोलॉजी के लिए रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान , जीव विज्ञान इण्टरमीडिएट स्तर के प्रश्न के साथ ही मानसिक अभियोग्यता तथा कम्प्यूटर के बेसिक ज्ञान सम्बंधी प्रश्न होंगे।

यूजी और पीजी में प्रवेश के लिए अभी आवेदन किए जा रहे हैं। 31 जुलाई अन्तिम तिथि है। परीक्षा के समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने कहा कि प्रवेश परीक्षा ऑफलाइन प्रस्तावित है।

चार्टर्ड पाठ्यक्रमों के लिए 48 केन्द्र

विश्वविद्यालय में बीए, बीएससी और बीकॉम अन्तिम वर्ष की परीक्षाएं 2 अगस्त से शुरू हो रही हैं। एलयू ने बीए, बीएससी, बीएएससी और बीकॉम परीक्षाओं के लिए 48 परीक्षा केन्द्र बनाए हैं। जिसकी सूची विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। दो दिन पूर्व विवि ने बीए, बीएससी, बीकॉम, बीएएससी अन्तिम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए 48 परीक्षा केन्द्रों की सूची जारी की थी।

100 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे, प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का

31 जुलाई तक यूजी और पीजी में प्रवेश के लिए कर सकते हैं आवेदन

एलएलबी में तार्किक परीक्षण किया जाएगा

प्रवेश परीक्षा के अन्तर्गत इलएलबी इंटीग्रेटेड पांच वर्षीय कोर्स में प्रवेश के लिए इतिहास, भूगोल, सामान्य विज्ञान, नागरिक शास्त्र इंटर स्तर के प्रश्न के साथ ही तार्किक परीक्षण, मानसिक अभियोग्यता,सामान्य विधिक जागरूकता से सम्बंधित सवाल पूछे जाएंगे। इसके साथ ही यूजीपीईटी के अन्तर्गत बीबीए में सामान्य ज्ञान, अंग्रेजी, रिजनिंग, सरकारात्मक योग्यता से जुड़े सवाल होंगे। वहीं बीसीए पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए सामान्य ज्ञान, अंग्रेजी, गणित, कम्प्यूटर साइंस, रीजनिंग सम्बंधी सवालों के जवाब प्रवेश परीक्षा में अभ्यर्थियों को देने होंगे।

पीजी पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम जारी

लखनऊ विश्वविद्यालय में अन्तिम वर्ष की परीक्षाओं के क्रम में बुधवार को परास्नातक पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया है।

एम्स वेस्टर्न हिस्ट्री लाइब सेमेस्टर : 9 अगस्त, दोपहर 2 से 3

- 9 अगस्त को पहला, 10 को दूसरा, 11 को तीसरा एवं 12 अगस्त को चतुर्थ प्रश्न पत्र होगा।

एम्स कम्यूनिज हिस्ट्री : 11 अगस्त, दोपहर 2 से 3 बजे होगी।

- 1 अगस्त को तीसरा प्रश्न पत्र एवं 12 अगस्त को चतुर्थ प्रश्न पत्र होगा।

एमएससी रिन्यूबेबल एनर्जी : 2 अगस्त से, दोपहर 2 से 3 बजे

- 2 अगस्त को हाईड्रोजन एनर्जी एण्ड फ्यूल सेल्स, 4 अगस्त को एनर्जी ऑडिटिंग एण्ड कन्वेंसन, 9 अगस्त को एनर्जी मॉडलिंग एण्ड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट एवं 11 अगस्त को कार्बन फुट प्रिंट एण्ड क्लीन डेवलपमेंट मैकेनिज्म का प्रश्न पत्र होगा।

शास्त्री डी परीक्षा : 4 से 14 अगस्त तक सुबह 8 से 9 बजे होगी।

पीएचडी प्रवेश परीक्षा 20-21 अगस्त को ऑफलाइन होगी

इंतजार खत्म

लखनऊ | कार्यालय संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय सत्र 2021-22 पीएचडी प्रवेश परीक्षा की तारीख लम्बे इंतजार के बाद बुधवार को जारी कर दी गई। सत्र 2021-22 की पीएचडी प्रवेश परीक्षा 20 एवं 21 अगस्त को ऑफलाइन आयोजित की जाएगी। एलयू कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि पीएचडी प्रवेश परीक्षा ऑनलाइन कराना चाहते थे लेकिन ऑनलाइन परीक्षा केन्द्र के लिए सरकारी या एडेड विश्वविद्यालय नहीं मिल रहे थे फिर प्राइवेट कॉलेज ही विकल्प थे। बहुविकल्पीय प्रणाली पर आधारित परीक्षा में कुल 70 प्रश्न पूछे जाएंगे। जिनमें से 35 प्रश्न संबंधित विषय के होंगे। बाकी के 35 प्रश्न रिसर्च मेथडोलॉजी के होंगे।

उन्होंने कहा कि पीएचडी प्रवेश परीक्षा को मेदान रखना पहली प्राथमिकता है। सरकारी परीक्षा केन्द्र उपलब्ध नहीं होने की वजह से परीक्षा को कोविड गाइडलाइन के साथ ऑफलाइन कराने का निर्णय लिया गया। पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए 4302 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। जिसके लिए लखनऊ विश्वविद्यालय के ओल्ड कैम्पस को केन्द्र बनाया गया है।

लखनऊ विश्वविद्यालय प्रबंधन का मानना है कि दो दिन परीक्षा होनी है। सोशल डिस्टेंसिंग के साथ ही परीक्षा आयोजित होगी। यदि जरूरत पड़ेगी तो एलयू के पास सेकेण्ड कैम्पस भी है। जिसे परीक्षा केन्द्र बनाया जा सकता है। इसलिए किसी तरह की असुविधा या लापरवाही नहीं होगी।

70 प्रश्न कुल पूछे जाएंगे जिनमें से 35 प्रश्न संबंधित विषय के होंगे

एक नजर में परीक्षा:

पीएचडी की कुल सीटें :	540
कुल परीक्षा अभ्यर्थी :	4302
सामान्य पीएचडी सीटें :	448
पार्ट टाइम की सीटें :	92

- एलयू की पीएचडी प्रवेश परीक्षा लगभग डेढ़ महीने देरी से हो रही है।
- पीएचडी प्रवेश परीक्षा उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा की तारीखों में बार-बार बदलाव की वजह से समय पर नहीं हो पायी।
- पार्ट टाइम पीएचडी में पहली बार प्रश्न लिए जा रहे हैं।

48 केंद्रों पर होगी बीए, बीएससी व बीकॉम की परीक्षा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की बीए, बीएससी व बीकॉम थर्ड ईयर की वार्षिक परीक्षा 48 केंद्रों पर होगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि परीक्षाओं के वही केंद्र बनाए गए हैं जो बीए, बीएससी, बीकॉम छठे सेमेस्टर के लिए बनाए गए हैं। परीक्षा केंद्र की विस्तृत जानकारी लविवि की वेबसाइट lko.ouniv.ac.in पर अपलोड कर दी गई है। वहीं, एमए वेस्टर्न, शास्त्री, एमपीएड, एमएड समेत अन्य पाठ्यक्रमों की अंतिम सेमेस्टर परीक्षा कार्यक्रमों में बदलाव किया गया है। यह बदलाव बीएड प्रवेश परीक्षा की तिथि को लेकर किया गया है। संशोधित परीक्षा कार्यक्रम लविवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

एलयू: बीए-बीकॉम के प्रवेश पत्र करें डाउनलोड

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक और परास्नातक अन्तिम वर्ष छात्रों की परीक्षा ऑफलाइन जारी है। स्नातक की मुख्य बीए की परीक्षा दो अगस्त और बीएससी और बीकॉम की परीक्षा 3 अगस्त से शुरू हो रही। बीए, बीएससी और बीकॉम छात्रों के प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। छात्र प्रवेश पत्र वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

कुलपति का निरीक्षण

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की अन्तिम वर्ष की ऑनलाइन परीक्षाएं चल रही हैं। परीक्षाओं का निरीक्षण बुधवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया। कुलपति ने रजत डिग्री कॉलेज, मां वैष्णो देवी कॉलेज एवं टेक्नो इंस्टीट्यूट परीक्षा केन्द्रों पर निरीक्षण किया और व्यवस्था परखी।

NBT PAGE 3

लविवि : स्नातक प्रवेश परीक्षा में आएंगे 100 प्रश्न

■ एनबीटी, लखनऊ: लखनऊ यूनिवर्सिटी ने स्नातक के अलग-अलग कोर्सों के लिए प्रवेश परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी है। विवि प्रशासन जल्द ही परीक्षाओं की तारीख का ऐलान करेगा। इस बीच मंगलवार को विवि प्रशासन ने प्रवेश परीक्षा से जुड़ी कई जानकारियां साझा कीं। इसमें बताया गया कि 90 मिनट की परीक्षा में 100 सवाल पूछे जाएंगे, जो बहुविकल्पीय होंगे। हर सवाल के लिए 2 अंक निर्धारित किए गए हैं। गलत जवाब पर निगेटिव मार्किंग नहीं है।

एलयू प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव के अनुसार यूजी एंट्रेंस एग्जाम में वारहवीं स्तर के सवाल पूछे जाएंगे। वीए और वीए ऑनर्स के लिए हिंदी, अंग्रेजी, भूगोल, इतिहास, नागरिक शास्त्र, मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र से जुड़े सवाल आएंगे। जबकि वीकॉम और वीकॉम ऑनर्स के लिए कॉमर्स, अकाउंटिंग, कॉमर्शियल मैथ्स, अर्थशास्त्र, कंप्यूटर के इंटरमीडिएट स्तर के प्रश्न। इसी प्रकार अन्य कोर्सों में उनसे संबंधित प्रश्न होंगे। इसके साथ ही परीक्षा के ऑफलाइन या ऑनलाइन करवाने का फैसला हालात देखते हुए लिया जाएगा।

20, 21 को होगी पीएचडी की प्रवेश परीक्षा

एलयू में सत्र 2020-21 की पीएचडी प्रवेश परीक्षा 20 और 21 अगस्त को होगी। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव के अनुसार ऑफलाइन परीक्षा ओल्ड कैम्पस में होगी। डेढ़ घंटे की परीक्षा में 70 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। इनमें 35 संबंधित विषय और 35 रिसर्च मेथडॉलजी से होंगे। हर सवाल दो अंकों का होगा और निगेटिव मार्किंग नहीं होगी।

i-NEXT PAGE 4

यूजी एंट्रेंस: निगेटिव मार्किंग का खेल खत्म

लखनऊ यूनिवर्सिटी में पूछे जाएंगे 100 बहुविकल्पीय प्रश्न

जारी किया गया यूजी एंट्रेंस के प्रश्नपत्र का प्रारूप

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW(28 July):लखनऊ यूनिवर्सिटी शैक्षिक सत्र 2021-22 में यूजी में एडमिशन के लिए एंट्रेंस एग्जाम 15 अगस्त के बाद कराएगा. जल्द डेट फाइनल कर दी जाएगी. एंट्रेंस में इस बार निगेटिव मार्किंग नहीं होगी. बुधवार को यूनिवर्सिटी ने प्रश्नपत्र का प्रारूप जारी कर दिया है.

कॉलेजों में भी एडमिशन

लखनऊ यूनिवर्सिटी से संबद्ध लखनऊ में 174 कॉलेज हैं. पिछले साल कानपुर यूनिवर्सिटी से संबद्ध हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर व रायबरेली जिले को मिलाकर 350 कॉलेज भी एलयू से संबद्ध हो गए हैं. यूनिवर्सिटी की केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था से जुड़ने वाले महाविद्यालयों में एडमिशन इसी एंट्रेंस एग्जाम से होंगे. एडमिशन कोऑर्डिनेटर प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि यूजी एंट्रेंस एग्जाम में इस बार निगेटिव मार्किंग नहीं होगी. एंट्रेंस एग्जाम में 100 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे. प्रत्येक प्रश्न दो अंको का होगा और एग्जाम 90 मिनट का होगा.

इन विषयों से पूछे जाएंगे प्रश्न

- बीए एवं बीए आनर्स- हिंदी, अंग्रेजी, भूगोल, इतिहास, नागरिक शास्त्र, मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र विषयों के इंटरमीडिएट स्तर के प्रश्न.
- बीकॉम एवं बीकॉम आनर्स- कॉमर्स, अकाउंटिंग, कमर्शियल मैथ्स, अर्थशास्त्र, कंप्यूटर के इंटरमीडिएट स्तर के प्रश्न.
- बीएससी मैथ्स- भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित के इंटरमीडिएट स्तर के प्रश्न एवं मानसिक अभियोग्यता तथा कंप्यूटर की बेसिक जानकारी.
- बीएससी बायोलॉजी- रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जीव विज्ञान के इंटरमीडिएट स्तर के प्रश्न एवं मानसिक अभियोग्यता, कंप्यूटर की बेसिक जानकारी.
- एलएलबी इंटीग्रेटेड फाइव इयर- इतिहास, भूगोल, सामान्य विज्ञान, नागरिक शास्त्र इंटरमीडिएट स्तर स्तर के एवं तार्किक परीक्षण, मानसिक अभियोग्यता, सामान्य विधिक जागरूकता से संबंधित प्रश्न.
- बीबीए- सामान्य ज्ञान, सामान्य अंग्रेजी, न्यूमैरिकल एप्टीट्यूट, रीजनिंग.
- बीसीए- सामान्य ज्ञान, सामान्य अंग्रेजी, न्यूमैरिकल एप्टीट्यूट, मैथमैटिक्स एंड कंप्यूटर साइंस, लाजिकल रीजनिंग.

एमएड सहित कई विषयों की बदली परीक्षा तिथि

बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा की वजह से लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपलोड किया नया संशोधित कार्यक्रम

जासं, लखनऊ : बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा की वजह से एमएड, एमए वेस्टर्न हिस्ट्री चौथे सेमेस्टर सहित कई विषयों के परीक्षा कार्यक्रम में संशोधन कर दिया गया है। इनमें से कई विषयों की परीक्षाएं पांच से सात अगस्त के बीच प्रस्तावित थीं, जिन्हें बदलकर नई तिथि तय कर दी गई है। लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in के माध्यम से संबंधित विषय के छात्र-छात्राएं कार्यक्रम अपलोड कर सकते हैं।

एमएड प्रथम सेमेस्टर-1 : दो अगस्त को रिसर्च इन एजुकेशन-जनरल पर्सपेक्टिव, चार अगस्त को एजुकेशन टेक्नोलाजी और 10 अगस्त को आप्शनल ए और बी विषय की परीक्षा ही।

एमएड प्रथम सेमेस्टर-4: तीन अगस्त को आप्शनल ए 5, बी 5, सी 5 तथा नौ अगस्त को आप्शनल ए 6, बी 6, सी 6 विषय की परीक्षा है। परीक्षा का समय सुबह आठ से नौ बजे तक होगा।

पीजी डिप्लोमा इन सोशल डयूटीज एंड ह्यूमन राइट्स (सेमेस्टर-2) : दो अगस्त को ह्यूमन राइट्स आफ स्पेशल कैटगिरी एंड मार्जिनल ग्रुप्स, चार अगस्त को एनवायरमेंटल एंड ह्यूमन राइट्स, नौ अगस्त को ह्यूमन राइट्स एंड सोशल मूवमेंट्स, 10 अगस्त को इंटरनेशनल ह्यूमैनिटेरियन एंड रिफ्यूजी लॉज।

पीजी डिप्लोमा इन सोशल डयूटीज एंड ह्यूमन राइट्स (एग्जम्पटेड वार्षिक): दो अगस्त को इंक्लूएशन, थ्योरी एंड फिलोसफी ह्यूमन राइट्स एंड डयूटीज, चार अगस्त को इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स सिस्टम एंड ला, नौ अगस्त को डेवलपमेंट आफ ह्यूमन राइट्स इन इंडिया और 10 अगस्त को ह्यूमन राइट्स इन सोशियो इकोनामिक्स कान्टेक्ट इन इंडिया।

पीजी डिप्लोमा इन डिजास्टर रिलीफ एंड रिहेबिलिटेशन सेमेस्टर-2 : दो अगस्त को इंडस्ट्री एंड वार रिलेटेड मैन-मेड डिजास्टर, चार अगस्त को डेवलपमेंट रिलेटेड मैन-मेडल डिजास्टर, नौ अगस्त को हेल्थ इशूज, टीम वर्क एंड लीडरशिप, 10 अगस्त को डिजास्टर प्रिवेशन, प्लानिंग एंड मिटिगेशन विषय की परीक्षा होगी। इनका समय भी सुबह नौ से 10 बजे तक रहगा।

एमए वेस्टर्न हिस्ट्री चौथा सेमेस्टर : नौ अगस्त को पहला, 10 अगस्त को दूसरा, 11 अगस्त को तीसरा और 12 अगस्त को चौथे पेपर की परीक्षा तिथि तय है।

एमए कम्यूनिज हिस्ट्री चौथा सेमेस्टर : 11 अगस्त को तीसरा और 12 अगस्त को चौथा पेपर होगा। परीक्षा दोपहर दो से तीन बजे तक होगी।

एमए वूमेन स्टडीज चौथा सेमेस्टर: दो अगस्त को वूमेंस लिट्रेरी एंड एजुकेशन, तीन अगस्त को हेल्थ, पालिसी एंड प्रैक्टिस, चार अगस्त को डेवलपमेंट स्टेट एंड वूमेन और नौ अगस्त को मीडिया, लिट्रेचर एंड वूमेन विषय की परीक्षा होगी।

एमएससी रिनेबल एनर्जी सेमेस्टर-4: दो अगस्त को हाइड्रोजन एनर्जी एंड फ्यूल सेल्स, चार अगस्त को एनर्जी ऑडिटिंग एंड कंजरवेशन, नौ अगस्त को एनर्जी मॉडलिंग एंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, 11 अगस्त को कार्बन फूट प्रिंट एंड क्लीन डेवलपमेंट मैकेनिज्म की परीक्षा है।

एमए इकोनामिक्स चौथा सेमेस्टर : दो अगस्त को माइक्रो इकोनामिक्स एनालिसिस-2, तीन अगस्त को गवर्नमेंट बजटिंग एंड फिजिकल च्वाइस, चार अगस्त को डेवलपमेंट इकोनामिक्स-2, नौ अगस्त को इंडियन इकोनामिक्स-2, 10 अगस्त को आप्शनल में प्रैक्टिस आफ डेवलपमेंट प्लानिंग, पापुलेशन थ्योरी एंड डेमोग्राफी एनालिसिस-2, एडवांस इकोनामिक्स मैथेड-2 और फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन एंड मार्केट्स-2 की परीक्षा होगी।

बीए आनर्स इकोनामिक्स छठा सेमेस्टर: दो अगस्त को इकोनामिक्स आफ सोशल सेक्टर, तीन अगस्त को उत्तर प्रदेश इकोनामिक्स, चार अगस्त को फाइनेंशियल इकोनामिक्स, नौ अगस्त को फारेन ट्रेड एंड एक्सचेंज मैनेजमेंट, 10 अगस्त को इंडस्ट्रियल इकोनामिक्स की परीक्षा तिथि तय है।

पीएचडी कोर्स वर्क का भी कार्यक्रम संशोधित

लविवि ने अर्थशास्त्र-2021 के पीएचडी कोर्स वर्क की परीक्षा तिथि भी बदल दी है। अब नौ अगस्त को रिसर्च मेथडोलाजी इन इकोनामिक्स और 10 अगस्त को एडवांस इन इकोनामिक्स इन थ्योरी एंड पालिसी की परीक्षा तिथि तय है। अभी तक यह परीक्षा तीन और पांच अगस्त को प्रस्तावित थी। अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. एमके अग्रवाल ने बताया कि परीक्षा का समय दोपहर दो से तीन बजे तक रहेगा।

पीएचडी प्रवेश परीक्षा 20, 21 अगस्त को

लखनऊ विश्वविद्यालय ने पीएचडी प्रवेश परीक्षा की तिथि बुधवार को तय कर दी। यह परीक्षा 20 और 21 अगस्त को आफलाइन आयोजित की जाएगी। अभी तक विश्वविद्यालय आनलाइन प्रवेश परीक्षा कराने की तैयारी में था, लेकिन इसमें बदलाव कर दिया गया है।

लविवि एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों को मिलाकर इस बार 439 रेगुलर सीटों पर पीएचडी दाखिले होंगे। इसके लिए करीब 4,325 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। विवि प्रशासन के मुताबिक, कोविड की स्थिति को ध्यान में रखते हुए पहले आनलाइन प्रवेश परीक्षा कराने के लिए नोएडा सहित तीन केंद्र बनाने पर विचार किया गया था, लेकिन स्थिति में सुधार होने और बड़े स्तर पर होने वाली बीएड प्रवेश परीक्षा को देखते हुए तय किया गया है कि पीएचडी प्रवेश परीक्षा भी आफलाइन होगी। अभ्यर्थियों की संख्या चार हजार से अधिक है। इसलिए दो दिन प्रवेश परीक्षा दोनों पालियों में होगी।

90 मिनट की होगी परीक्षा: प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पीएचडी प्रवेश परीक्षा 90 मिनट की होगी। इसमें 70 प्रश्न बहुविकल्पीय होंगे। 35 प्रश्न संबंधित विषय से होंगे, जबकि 35 प्रश्न रिसर्च मेथडोलाजी से पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न दो अंक का होगा। इसमें निगेटिव मार्किंग नहीं होगी।

स्नातक वार्षिक परीक्षाओं के लिए बने 48 केंद्र

लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक वार्षिक (अंतिम सेमेस्टर) परीक्षाओं के लिए केंद्रों का निर्धारण बुधवार को कर दिया। परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि बीए, बीएससी, बीएएससी और बीकाम वार्षिक परीक्षाएं 48 केंद्रों पर होंगी। केंद्र आवंटन की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ पर अपलोड कर दी गई है। इन परीक्षाओं के केंद्र भी वही रखे गए हैं, जो स्नातक सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए बनाए गए हैं।

PIONEER PAGE 3

स्नातक में दाखिले को लेकर 15 अगस्त के बाद कराएगा एलयू प्रवेश परीक्षा

● नहीं होगी निगेटिव मार्किंग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

शैक्षिक सत्र 2021-22 में स्नातक कक्षाओं में दाखिले को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय 15 अगस्त के बाद प्रवेश परीक्षा आयोजित कराएगा। बुधवार को प्रवेश परीक्षा को लेकर छात्रों की सुविधा को देखते हुए प्रश्नपत्र का प्रारूप विवि प